पंजाब केसरी 17/02/2026

कैपेसिटी बिल्डिंग कार्यक्रम के अंतर्गत आर्टिफिशियल इंटैलिजेंस पर हुआ विशेष व्याख्यान

अम्बाला, 16 फरवरी (बलराम): गांधी मैमोरियल नैशनल कॉलेज, अम्बाला कैंट द्वारा श्री गुरु हरकिशन साहिब खालसा कॉलेज, पंजोखरा साहिब में आयोजित विशेष कैपेसिटी बिल्डिंग कार्यक्रम के अंतर्गत आधुनिक युग में आर्टिफिशियल इंटैलिजेंस करियर अवसरों के द्वार खोलना विषय पर विशेषज्ञ व्याख्यान का सफल आयोजन किया गया। कार्यक्रम का संचालन जी.एम.एन. कॉलेज के कम्प्यूटर एप्लीकेशंस विभाग की अकादमिक टीम द्वारा किया गया।

कार्यक्रम का उद्देश्य विद्यार्थियों को आर्टिफिशियल इंटैलिजेंस, ए.आई. की समकालीन भूमिका, उसके व्यावहारिक अनुप्रयोगों तथा तकनीकी क्षेत्र में उपलब्ध व्यापक करियर संभावनाओं से परिचित कराना था।

कार्यक्रम के समापन पर उपस्थित विद्यार्थी व अन्य। (चंद्रमोहन)

बड़ी संख्या में विद्यार्थियों ने उत्साहपूर्वक भाग लेकर व्याख्यानों का लाभ उठाया।

विशेष वक्ता डा. गीता कौशिक एवं डा. दिशा अरोड़ा ने अपने प्रभावशाली व्याख्यानों में ए.आई. के विभिन्न आयामों मशीन लर्निंग, डेटा एनालिटिक्स, ऑटोमेशन और स्मार्ट टैक्नोलॉजी पर सरल एवं व्यावहारिक उदाहरणों के माध्यम से विस्तृत जानकारी प्रदान की। डिजिटल मार्कीटिंग के क्षेत्र में एआई की बढ़ती भूमिका पर प्रकाश डालते हुए आधुनिक टूल्स का लाइव डेमोंस्ट्रेशन भी प्रस्तुत किया गया, जिससे विद्यार्थियों को तकनीक के वास्तविक उपयोग की समझ मिली।

इस अवसर पर खालसा कॉलेज के प्राचार्य डा. सुखदेव सिंह ने अपने संबोधन में कहा कि वर्तमान डिजिटल युग में आर्टिफिशियल इंटैलिजेंस एक अनिवार्य कौशल बन चुका है। ऐसे शैक्षणिक एवं तकनीकी कार्यक्रम विद्यार्थियों को भविष्य की प्रतिस्पर्धा के लिए सक्षम और आत्मविश्वासी बनाते हैं।

प्राचार्य डा. रोहित दत्त ने अपने विचार साझा करते हुए कहा कि ए.आई. तकनीक शिक्षा, उद्योग और समाज तीनों क्षेत्रों में क्रांतिकारी परिवर्तन ला रही है। उन्होंने विद्यार्थियों को प्रेरित करते हुए कहा कि वे समय की मांग को समझते हुए आधुनिक तकनीकों को अपनाएं और स्वयं को वैश्विक अवसरों के लिए तैयार करें।

कार्यक्रम के अंतर्गत एक रोचक प्रश्नोत्तर सत्र का भी आयोजन किया गया, जिसमें विद्यार्थियों ने सक्रिय भागीदारी करते हुए अपनी जिज्ञासाओं का समाधान प्राप्त किया। खालसा कॉलेज के कम्प्यूटर साइंस विभागाध्यक्ष प्रदीप सिंह ने जी.एम.एन. कॉलेज की अकादमिक टीम का विशेष धन्यवाद ज्ञापित किया।